अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां

<u>निरीक्षण प्रतिवेदन</u>

दिनांकः– 16.08.2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, अररिया के अधीन विभिन्न पथों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिए गए:–

उपस्थित पदाधिकारी–

1– ई0 इरफान अली , अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ
2– ई0 अमरजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, अररिया
3– ई0 राजीव कुमार, सहायक अभियंता (अनु0) पथ अंचल, पूर्णियाँ
4– ई0 हर्ष राज, सहायक अभियंता , पथ अवर प्रमंडल, अररिया–2
5– ई0 विजय कुमार यादव, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, फारबिसगंज
6– श्री रेजा आलम, संवेदक प्रतिनिधि

मिर्जाभाग – बेलवा – मजगामा पथः– उक्त पथ की लंबाई 5.04 कि0मी0 एवं चौड़ाई 3.75 मी0 है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 1470(S), दिनांक– 17.03.2022 द्वारा रु0 1605.97 लाख मात्र है। तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–428 दिनांक–11.04.2022 द्वारा रु0 1570.71लाख मात्र के लिए प्रदान किया गया है। उक्त कार्य के एकरारनामा की राशि रु0 1184.27148 लाख मात्र है एवं यह कार्य M/S Sathi Construction, Araria को आवंटित है। कार्य प्रारंभ की तिथि 01.06.2022 है एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 30.05.2023 निर्धारित थी। वास्तव में कार्य 15.02.2024 को समाप्त किया जा चुका है। यह पथ DLP में है।

कार्यपालक अभियंता द्वारा निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि पथ के 2रे से 3रे कि0 मी0 में लगभग 200 मी0 लंबाई में ग्रामीणों द्वारा निजी भूमि का दावा करते हुए संवेदक को कार्य करने नहीं दिया गया। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्रामीणों से वार्ता कर सौहार्दपूर्ण तरीके से कार्य कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। वार्ता के निष्फल होने के पश्चात् प्रशासन से सहयोग प्राप्त करने का भी निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

स्थल निरीक्षण के दौरान पथ की स्थिति अच्छी पाई गई।

वन विभाग चौक से तारा बाड़ी(कुर्साकांटा) भाया बांसवारी, महिसाकोल, झमटा पथः– उक्त पथ की लंबाई 18.5 कि0मी0 एवं चौड़ाई 3.75 मी0 है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक–5198(S), दिनांक–09.09.2020 द्वारा रु0 1556.21 लाख मात्र है। तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–150 अनु0, दिनांक–29.04.2021 द्वारा रु0 1700.99 लाख मात्र के लिए प्रदान किया गया है। उक्त कार्य के एकरारनामा की राशि रु0 1462.50 लाख मात्र है एवं यह कार्य M/S Sathi Construction, Araria को आवंटित है। कार्य प्रारंभ की तिथि 04.05.2022 एवं एकरारनामा के

Scanned with OKEN Scanner

अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 03.11.2023 निर्धारित थी। कार्य की वास्तविक समाप्ति की तिथि 31.05.2024 है।

निरीक्षण के दौरान पथ के 9वे कि० मी० में अवस्थित पुल का पहुंच पथ क्षतिग्रस्त पाया गया, जिसके संदर्भ में पृच्छा करने पर कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि यह पुल ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित है जो फिलहाल DLP में है।
जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को सूचना देकर शीघ्र पहुंच पथ की मरम्मति कार्य कराने हेतु अनुरोध करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया को दिया गया, जिससे स्थल पर कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो सके।

स्थल निरीक्षण के दौरान पथ की स्थिति अच्छी पाई गई।

ह0 / –
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– दिनांक–
प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, अररिया को सूचनार्थ एव निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेश के अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथअंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 791 दिनांक– 27/08/2024
प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग / मुख्य अभियंता, पथ संधारण, पथ निर्माण विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

27.8.24
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथअंचल, पूर्णियाँ।

19/08/24

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner